योग दिवस पर सांसद ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ



## खबर संक्षेप

### अवैध वसूली का आरोप 11 के खिलाफ मामला दर्ज

**रायगढ़।** जिले के छाल थाना क्षेत्र में वाहन चालकों से कथित तौर पर मजदूर संगठन के नाम पर अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार एसईसीएल छाल क्षेत्र में ठेका कंपनी के अंतर्गत कार्यरत वाहन चालकों ने पुलिस को शिकायत देते बताया है कि कुछ लोग स्वयं को एक मजदूर संगठन से जुड़ा बताते हुए चालकों से प्रतिमाह 700 रुपये की राशि वसूलते थे। आरोप है कि यह रकम कभी नगद तो कभी ऑनलाइन माध्यम से ली जाती थी। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि वसूली को सुरक्षा और संगठन के संरक्षण से जोड़कर प्रस्तुत किया जाता था। वहीं राशि नहीं देने पर नौकरी और संगठन से बाहर कराने जैसी धमकियां भी दी जाती थीं। वाहन चालकों ने यह भी आरोप लगाया है कि वर्षों से एकत्र की जा रही रकम का उपयोग श्रमिकों के हित या कल्याणकारी कार्यों में नहीं किया गया। पीड़ित पक्ष द्वारा इस संबंध में पूर्व में प्रशासनिक अधिकारियों को भी शिकायत दिए जाने की बात कही गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अजय सिंह ठाकुर, बलिन्द्र सिंह, बोधन चौहान, रामकुमार जांगड़े, पुष्पालदास महंत, संजय पटेल, देवेंद्र कर्ष, चूरामणि राठिया, ऋतुराज सिंह, दुर्गा डनसेना, नरेंद्र निषाद और घनश्याम डनसेना के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, ट्रेलर चालक फरार

**रायगढ़।** जिले के छाल थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हादसा नवापारा-बांधापाली मार्ग पर एसईसीएल सब एरिया कार्यालय के समीप हुआ। रात के समय स्थानीय लोगों को सड़क पर एक युवक के घायल पड़े होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल की पहचान सुंदरम सिंह के रूप में की। उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें थीं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रेलर और बाइक के बीच हुई टक्कर के कारण यह हादसा हुआ। दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि युवक को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद ट्रेलर चालक ने वाहन वहीं छोड़ दिया और मौके से फरार हो गया। घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने भी घटना पर दुख जताते हुए सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है।

### सोशल मीडिया पर सक्रिय युवती की मौत

**रायगढ़।** सोशल मीडिया पर डांस वीडियो और रील्स के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाने वाली एक युवती की असमय मौत ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। घरघोड़ा थाना क्षेत्र की रहने वाली 20 वर्षीय चांदनी नेगी की उपचार के दौरान मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पारिवारिक विवाद के बाद युवती ने कथित रूप से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जानकारी के मुताबिक ग्राम टेड़ा नवापारा निवासी चांदनी नेगी अपने बड़े परिवार की सदस्य थी। वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रहती थी और विभिन्न सांस्कृतिक एवं डांस कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर लोगों के बीच पहचान बना रही थी। बताया जाता है कि उसकी इस गतिविधि से कुछ आमदनी भी होने लगी थी। परिजनों के अनुसार कुछ दिन पहले घर में भाई-बहनों के साथ किसी बात को लेकर उसका विवाद हुआ था।

### 1 जून से खुला पोर्टल, बताना होगा कितना कचरा निकलता है प्रति दिन

# सीपीसीबी का डंडाः बल्क वेस्ट जनरेटर्स को कराना होगा पोर्टल में पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कचरा प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सीपीसीबी (केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ) ने डंडा चलाना चालू कर दिया है। इसके तहत अब बल्क वेस्ट जनरेटर्स (थोक अपशिष्ट उत्पादकों) को सीपीसीबी के पोर्टल में पंजीयन कराना जरुरी है। यदि पंजीयन नहीं कराया तो उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। शहर में दो दर्जन से अधिक संस्थान इसके जद में आ रहे हैं। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव द्वारा जारी निर्देश के बाद निगम और ऐसे संस्थानों के संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। इसमें पंजीयन कराने वालों को जहां कचरा पीट बनाएं हैं वहां बोर्ड भी लगाना पड़ेगा।

जिले और खासकर शहर में कचरा प्रबंधन को लेकर काफी दुर्गति है। इसे लेकर एनजीटी द्वारा कई बार फटकार भी लगाई जा चुकी है, इसके बाद भी शहर में हालात सुधरने के बजाए बिगड़ते जा रहा है। सही तरीक से कचरा प्रबंधन तो हो ही नहीं रहा है। पहले सारंगढ़ बस स्टैंड में पूरे शहर का कचरा डंप करते थे, अब रामपुर में कर रहे हैं। दूसरी ओर अब जहां सबसे ज्यादा कचरा निकलता है, याने बल्क वेस्ट जनरेटर्स (थोक अपशिष्ट उत्पादकों) पर भी सीपीसीबी (केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ) ने डंडा चलाना चालू कर दिया है। शहर में करीब दो दर्जन ऐसे कचरा उत्पादक हैं जहां हर दिन थोक में कचरा निकलता है। जानकारी के मुताबिक सीपीसीबी के पोर्टल में इन संस्थानों को पहले पंजीयन कराना पड़ेगा। इसके बाद उसमें हर दिन कितना कचरा निकलता है उसकी जानकारी अपडेट करनी होगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इसके लिए कुछ मापदंड भी तय कर दिया है। इस मापदंड में जो संस्थान आएंगे उनको ही रजिस्टर्ड करना है।

**कौन इसमें शामिल होगा यह भी बताया गया है पोर्टल में, नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव ने जारी किया निर्देश**

**पंजीयन नहीं तो हो सकती है कार्रवाई, शहर में दो दर्जन से अधिक होटल और शादी घर आएंगे जद में**



#### 01 अप्रैल से हो चुका है नियम लागू

भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के तहत प्रदेश भर के नगरीय निकायों में 01 अप्रैल से ही यह नियम लागू हो चुका है। इसके साथ ही बीते 11 मई को ही नगरीय प्रशासन विभाग ने प्रदेश के नगरीय निकायों में बल्क वेस्ट जनरेटर्स के चिंहाकन और पंजीयन के लिए निर्देश जारी किया जा चुका है। हालांकि पंजीयन का पोर्टल एक जून से ही खुला है। ऐसे में अब पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के बाद बल्क अपशिष्ट जनरेटर्स के पंजीयन होनें के बाद पोर्टल से उनको एक पावी मिलेगी। इसके आधार पर बल्क जनरेटर्स का अभिलेख (डाटाबेस) निकायों को संधारण करना होगा।

#### इस तरह तय किया गया है मापदंड

बल्क वेस्ट जनरेटर्स पंजीयन के लिए सीपीसीबी ने कुछ मापदंड तय कर दिया है। इसमें ऐसे बिल्डिंग फ्लोर एरिया समेत 20 हजार स्क्वायर मीटर से अधिक हो। साथ ही 40 हजार लीटर प्रति दिन पानी का उपयोग होता हो और 100 किलो कचरा प्रति दिन निकलता हो। ऐसे संस्थानों को पंजीयन कराना जरुरी है। कुछ केटेगरी भी तय की गई है। इसमें संस्थागत, कमर्शियल और रेसीडेंसियल शामिल है। पंजीयन के बाद इनको एक प्रमाण पत्र भी जारी किया जाएगा। इसमें शादी घर ओर बड़े-बड़े होटलों को पंजीयन कराना जरुरी है। इसके अलावा जो मापदंड तय किया गया है उसके आधर पर रजिस्ट्रेशन होगा।

## युवती से दुष्कर्म और अपहरण मामले में युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विशेष वर्ग की 19 वर्षीय युवती के अपहरण, दुष्कर्म और धमकी के गंभीर मामले में घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी ने युवती को प्रेम और विवाह का झांसा देकर पहले विश्वास में लिया, फिर लगातार धमकी देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। मामले में एससी/एसटी एक्ट सहित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने 31 मई 2026 को थाना घरघोड़ा में शिकायत दर्ज कराई थी। युवती ने बताया कि उसकी पहचान करीब एक वर्ष पहले ग्राम पुसल्दा निवासी ललित लोहार उर्फ ललित अगरिया से हुई थी, जो एक फ्लाई ऐश ब्रिक्स भट्ठे में काम करता था। आरोपी ने उससे प्रेम संबंध स्थापित कर शादी का वादा किया और बाद में दबाव बनाकर उसका शारीरिक शोषण करने लगा। पीड़िता के अनुसार होली के कुछ दिनों बाद 8 मार्च 2026 को आरोपी उसे गांव के एक बाड़ी क्षेत्र में ले गया और उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन शारीरिक संबंध बनाया। विरोध करने पर उसने घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी लगातार भय और दबाव बनाकर कई बार दुष्कर्म करता रहा। विवेचना के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू को आरोपी के संबंध में सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी ललित लोहार उर्फ ललित अगरिया (20 वर्ष) निवासी ग्राम पुसल्दा, थाना घरघोड़ा को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी द्वारा वैधानिक गिरफ्तारी की कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

#### जबरन घर से उठाकर रायगढ़ और ओडिशा ले गया

शिकायत के मुताबिक 11 मई की रात करीब 11 बजे आरोपी युवती के घर पहुंचा और उसे जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर रायगढ़ ले गया। यहां आरोपी के माता-पिता किराए के मकान में रहते थे। परिजनों द्वारा युवती को वापस घर भेजने की समझाइश देने के बावजूद आरोपी उसे अपने साथ रखता रहा और एक सप्ताह तक डरा-धमकाकर उसका शोषण करता रहा। इसके बाद आरोपी युवती को ओडिशा स्थित अपनी नानी के घर ले गया, जहां उसने युवती का परिचय अपनी पत्नी के रूप में कराया। ओडिशा में रहने के दौरान युवती ने किसी अन्य व्यक्ति के मोबाइल से अपने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर 28 मई को परिजन वहां पहुंचे और उसे वापस घर लेकर आए।

#### लौटने के बाद भी देता रहा धमकी

घर लौटने के बाद भी आरोपी लगातार युवती को पुनः उठा ले जाने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देता रहा। भय के कारण युवती तत्काल पुलिस में शिकायत नहीं कर सकी। बाद में साहस जुटाकर उसने घरघोड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दर्ज करते हुए बीएनएस की धारा 64(2)(ड), 127(4), 140(3), 351(3) तथा एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(2)(अ) के तहत मामला कायम किया। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों और पीड़िता के कथनों के आधार पर मामले की गंभीरता को देखते हुए एससी/एसटी एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गईं।

### दूसरी शादी का विरोध करने पर बेटे से मारपीट पिता के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज

**रायगढ़।** दूसरी शादी करने की बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। पीड़ित ने अपने ही पिता पर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और डंडे से हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खगेश्वर यादव ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी का कार्य करता है और अपने परिवार के साथ रहता है। उसकी माता बसंती यादव का करीब दो माह पूर्व निधन हो चुका है। आरोप है कि पिता चमार यादव दूसरी शादी करने की तैयारी कर रहे हैं, जिसका उसने विरोध किया था। शिकायत के मुताबिक शनिवार शाम करीब 5 बजे इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान पिता ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और बांस के डंडे से हमला कर दिया।

## इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक फोटो-वीडियो साझा करने वाला किशोर पकड़ा गया

**रायगढ़।** सोशल मीडिया पर एक नाबालिग बालिका के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो प्रसारित करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक किशोर को पकड़ लिया है। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उसे किशोर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार चक्रधरनगर क्षेत्र के एक निवासी ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री से संबंधित आपत्तिजनक फोटो एवं वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किए जा रहे हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए साइबर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। टीम ने तकनीकी जांच के जरिए संबंधित इंस्टाग्राम अकाउंट की जानकारी जुटाई। उक्त अकाउंट संचालित कर रहा था। जांच में सामने आया कि इंस्टाग्राम अकाउंट एक विधि के साथ संघर्षरत किशोर द्वारा संचालित किया जा रहा था। पूछताछ के दौरान उसने बालिका से सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क होने और उसके फोटो-वीडियो विभिन्न चैट ग्रुपों में साझा करने की बात स्वीकार की।

## चलती ट्रेन में चोरी, परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र का लैपटॉप और नोट्स गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे स्टेशन से ट्रेन रवाना होने के कुछ ही मिनट बाद एक यात्री का बैग गायब हो गया। बैग में लैपटॉप, महत्वपूर्ण दस्तावेज और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए एक साल की मेहनत से तैयार किए गए हस्तलिखित नोट्स रखे हुए थे। पीड़ित ने रेलवे पुलिस से शिकायत कर चोरी का मामला दर्ज करने और सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने की मांग की है।




■ मूल दस्तावेज और माइनिंग सर्वे के हस्तलिखित नोट्स थे बैग में

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के जैतपुर निवासी बालकृष्ण द्विवेदी 19 जून को ट्रेन संख्या 22909 से तालचेर रोड जा रहे थे। शहडोल से बिलासपुर तक जनरल कोच में सफर करने के बाद भीड़ अधिक होने के कारण वे बिलासपुर से एस.4 कोच में आ गए। उन्होंने अपना पीले.नीले रंग का बैग अपर बर्थ पर रखा था और स्वयं नीचे बैठकर पढ़ाई कर रहे थे। बालकृष्ण के अनुसार रायगढ़ स्टेशन पहुंचने से पहले तक बैग सुरक्षित था। ट्रेन के रायगढ़ से रवाना होने के बाद वे पढ़ाई में व्यस्त हो गए। करीब 15-20 मिनट बाद जब उन्होंने बैग की ओर देखा तो वह गायब था। उन्होंने पूरे कोच में तलाश की, लेकिन बैग का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित युवक का कहना है कि बैग में करीब 65 हजार रुपए कीमत का एचपी विक्टस लैपटॉप, मूल शैक्षणिक दस्तावेज, व्यक्तिगत प्रमाण पत्र, प्रतियोगी परीक्षाओं की अध्ययन सामग्री और माइनिंग सर्वे विषय के हस्तलिखित नोट्स रखे हुए थे। ये नोट्स उसने लगभग एक वर्ष की मेहनत से तैयार किए थे। मुख्य बात यह है कि बालकृष्ण आगामी 2 जुलाई को होने वाली एसईसीएल की भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं और परीक्षा से संबंधित जरूरी अध्ययन सामग्री भी उसी बैग में थी। ऐसे में चोरी की इस घटना से उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ.साथ शैक्षणिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि चोरी रायगढ़ स्टेशन से ट्रेन के निकलने के बाद हुई। एक महिला यात्री ने भी उन्हें बताया कि बैग के आसपास एक भारी शरीर वाला व्यक्ति काफी देर तक बैठा हुआ था। इस आधार पर पुलिस से संदिग्ध व्यक्ति की पहचान करने की मांग की गई है। बालकृष्ण ने रेलवे पुलिस से अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर ट्रेन कोच और रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगालने तथा चोरी गए सामान की जल्द बरामदगी की मांग की है। वहीं घटना की सूचना रेल मदद पोर्टल पर भी दर्ज कराई जा चुकी है।

### पुरानी रंजिश में युवक और बेटे पर हमला

**रायगढ़।** शहर के चक्रधरनगर थाना क्षेत्र स्थित आईटीआई कॉलोनी में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति और उसके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि मोहल्ले के कुछ युवकों ने पहले गाली-गलौज की, फिर हाथ-मुक्कों और किसी धारदार और कठोर वस्तु से हमला कर दिया। घटना में पिता के सिर पर गंभीर चोट आई, जबकि बेटे को भी चोटें पहुंची हैं। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित राधेश्याम चौहान ने बताया कि वह बीते गुरुवार की शाम वह अपने घर के पास खड़ा था। इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाला दुर्गेश देवांगन उर्फ पिंटू अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा और पुरानी बात को लेकर विवाद शुरू करते हुए आरोपियों ने गाली-गलौज और धमकी देना शुरू कर दिया। पीड़ित के मुताबिक विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। हमले में उसके सिर, हाथ और सीने पर चोटें आईं तथा सिर से काफी खून बहने लगा। शोर सुनकर जब उसका बेटा अभिजीत चौहान बीच-बचाव के लिए बाहर आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी।

## प्रेमिका पर शक बना मौत की वजह, हत्या के बाद शव को पेट्रोल डालकर जलाया

**रायगढ़।** तमनार-पूंजीपथरा मार्ग पर जली हुई अवस्था में मिली महिला की लाश के अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने महज 72 घंटे के भीतर सुलझाते हुए आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि प्रेम संबंध के दौरान उपजे विवाद के बाद आरोपी ने महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी और पहचान छिपाने के लिए शव पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

■ तमनार-पूंजीपथरा मार्ग पर मिली जली लाश की गुत्थी सुलझी, प्रेमी गिरफ्तार

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते 17 जून 2026 को मायाराम सालिकराम क्रेशर के पास तमनार चौक से पूंजीपथरा जाने वाले पगडंडी मार्ग पर एक अधेड़ महिला का जला हुआ शव बरामद हुआ था। शव के आसपास घसीटने के निशान भी मिले थे, जिससे हत्या के बाद शव को दूसरी जगह ले जाकर जलाने की आशंका जताई गई थी। पूंजीपथरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या एवं साक्ष्य मिटाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण कर मृतिका की पहचान और आरोपी की तलाश के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने मृतिका के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तथा स्थानीय औद्योगिक इकाइयों में प्रसारित किए। इसी दौरान लक्ष्मी कॉलोनी में किराये के मकान में रहने वाले इमिलीयूस तिग्गा और उसके साथ रहने वाली महिला के अचानक गायब होने की जानकारी मिली। सोशल मीडिया में प्रसारित तस्वीरों को देखकर जशपुर जिले के ग्राम बोरो से पहुंचे दो युवकों ने शव की पहचान अपनी मां मंगरिता एक्का 60 वर्ष के रूप में की। उन्होंने बताया कि उनकी मां पूंजीपथरा क्षेत्र में मजदूरी का कार्य करती थी। पहचान होने के बाद पुलिस ने संदेही इमिलीयूस तिग्गा की तलाश शुरू की और जशपुर जिले के फरसाबहार क्षेत्र में दबिश देकर उसे हिरासत में लिया।



#### एक साथ बैठ कर पी शराब, फिर की हत्या

पूछताछ में आरोपी ने हत्या की बात स्वीकार कर ली। आरोपी ने बताया कि वह पिछले दो वर्षों से तुमीडीह स्थित एनआर फेरो प्लांट में मजदूरी करता था। करीब तीन माह पहले उसकी पहचान मां शिवा प्लांट में काम करने वाली मंगरिता एक्का से हुई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गए थे और वे पूंजीपथरा के लक्ष्मी कॉलोनी में पति-पत्नी की तरह रह रहे थे। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतिका उसे दूसरी पत्नी रखने के शक में अक्सर विवाद करती थी। 17 जून को दोनों गांव जाने के बहाने निकले थे। रास्ते में एक महुआ पेड़ के नीचे बैठकर शराब पीने के दौरान पुरानी बातों को लेकर विवाद बढ़ गया। गुस्से में आकर उसने मंगरिता एक्का की साड़ी से उसका गला घोंट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### आठ केंद्रों पर परीक्षा आयोजित, निःशुल्क बस सुविधा से मिली राहत

# कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच हुई री-नीट यूजी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में रविवार को आयोजित री-नीट यूजी 2026 परीक्षा कड़े सुरक्षा इंतजामों और प्रशासनिक निगरानी के बीच हुई। जिले के आठ परीक्षा केंद्रों पर कुल 2,682 में से 2415 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 268 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा दोपहर 2 बजे शुरू हुई, जो शाम 5:15 बजे तक चलेगी। वहीं दिव्यांग श्रेणी के परीक्षार्थियों को निर्धारित नियमों के अनुसार अतिरिक्त समय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने विशेष परिवहन व्यवस्था की है। रायगढ़ रेलवे स्टेशन, ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड और केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड से निःशुल्क बसों का संचालन किया गया, जिससे अभ्यर्थियों के साथ उनके अभिभावकों को भी परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में सुविधा मिली। परीक्षा की निष्पक्षता और गोपनीयता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की गई। मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के दुरुपयोग को रोकने के लिए जैमर लगाए गए थे। साथ ही मैटल डिटेक्टर से भी अभ्यर्थियों की जंच की गई। इस दौरान कुछ अभ्यर्थियों को गले चैन सहित वस्तु को केंद्र के बाहर ही छोड़ने को कहा गया। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था, जो केंद्रों के भीतर और बाहर लगातार निगरानी रखे हुए थे। परीक्षा संबंधी सहायता और शिकायतों के निराकरण के लिए जिला प्रशासन ने जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया था। कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक-42 में संचालित यह कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय था। इस परीक्षा में जिले में 2 हजार 415 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दिलाई, जबकि 268 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।





#### रेलवे स्टेशन में भी दिखी सुरक्षा

इस परीक्षा को लेकर रेलवे स्टेशन में भी चाक चौबंद व्यवस्था देखने को मिली। अभ्यर्थियों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया था। इसके अलावा रायगढ़ सहित बिलासपुर से भी आरपीएफ जवानों की तैनाती की गई थी। सुबह से भी जवान रेलवे स्टेशन में तैनात नजर आए, साथ ही जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त रूप गश्त अभियान भी चलाया।




## खबर संक्षेप

### रोगी के उपचार हेतु 3.95 लाख की राशि की स्वीकृत

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील एवं जनहितैषी नेतृत्व में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत जशपुर जिले के गंभीर किडनी रोगी जितेन्द्र कुमार यादव उम्र 44 वर्ष को बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री श्री साय ने उनके उपचार के लिए 3 लाख 95 हजार 121 रु. की सहायता राशि स्वीकृत की है। मिली जानकारी के अनुसार, जशपुर निवासी जितेन्द्र कुमार यादव गंभीर किडनी रोग से पीड़ित हैं तथा उन्हें रेनल ट्रांसप्लांट (किडनी प्रत्यारोपण) की आवश्यकता है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उपचार में कठिनाई आ रही थी। मरीज के परिजनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निजी निवास स्थित सीएम कैंप कार्यालय, बगिया पहुंचकर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उपचार हेतु आर्थिक सहायता की गुहार लगाई थी।

### नपं अध्यक्ष ने सीएम को सौंपी कार्यों की सूची

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुनकुरी आगमन पर कुनकुरी नगर पंचायत के अध्यक्ष विनयशील ने उनके समक्ष नगर के समग्र विकास के लिए आवश्यक कार्यों की सूची सौंपते हुए शीघ्र स्वीकृति एवं राशि प्रदान करने का अनुरोध किया। अध्यक्ष विनयशील ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि 1 दिसंबर 2025 को उन्होंने जिला अधिकारी के माध्यम से 34 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की विस्तृत सूची पहले ही भेज दी थी। उन्होंने पुनः मुख्यमंत्री को यह सूची सौंपते हुए शीघ्र स्वीकृति दिलाने का आग्रह किया। इसके साथ कुनकुरी के ड्रेनेज़ के लिए 7.50 करोड़ रुपये के नाली निर्माण और 3.89 करोड़ रुपये के वार्डवार विकास कार्य की सूची उन्हें मिलकर दिया। अध्यक्ष विनयशील ने कहा कि इन कार्यों से कुनकुरी नगर की सड़क, नाली, जल निकासी तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर मिल सकेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने प्रस्ताव को सकारात्मक रूप से लिया और आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### शराबी चालकों पर लगाया गया 20 हजार रूपए का जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर जिले में कार्रवाई का सिलसिला जारी है। एक बार फिर से दो शराबी चालकों पर 20 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में यातायात शाखा द्वारा बाइक क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 8552 के वाहन चालक लखनपुर लहपटरा निवासी 36 वर्षीय रामकिशोर आ. राम शरण को रोककर जांच की गई तो चालक नशे में धुत पाया गया। वहीं बाइक क्रमांक सीजी 15 ईएच 6910 लखनपुर चैनपुर निवासी 45 वर्षीय लल्लू राम आ. जमंगल राम भी नशे में पाया गया। ब्रेथ एनालाइजर जांच में भी शराब पीकर वाहन चलाने की पुष्टि हुई जिसके बाद दोनों बाइक चालकों के खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मामला न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा दोनों प्रकरणों में 10-10 हजार रूपए का अर्थदंड लगाया गया है।

### पानी टैंकर की चपेट में आने से बालक की मौत

**रामानुजगंज।** नगर पालिका के पानी टैंकर की चपेट में आने से वार्ड क्रमांक 6 निवासी बालक की की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे नगर में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया। नाराज परिजन एवं स्थानीय लोगों ने रंगीला चौक स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया तथा मृतक के परिजनों को शासकीय नौकरी एवं उचित मुआवजा देने की मांग की। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 6 निवासी शुभम आ. सागर (7 वर्ष) शनिवार दोपहर लगभग 1.30 बजे स्कूल से घर लौटने के बाद मोहल्ले में खेल रहा था। इसी दौरान नगर पालिका परिषद का पानी टैंकर वार्ड में पानी वितरण के लिए पहुंचा था। खेलते समय मासूम टैंकर के पिछले पहिए की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंच गए।

## पितृ दिवस पर वित्त मंत्री ने किया अपने पिता को याद

# पितृ देवो भवः पिता ही प्रथम गुरु, प्रथम ईश्वर : ओपी

**रायगढ़।** पितृ दिवस पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने पिता को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए आमजनो के समक्ष पिता के महत्व विस्तार से रखते हुए सोशल मंच पर विचार साझा करते हुए कहा बाबूजी! आप आज भी मेरे आसपास मौजूद हैं, मुझे हर कदम पर देख रहे हैं। आप एक आदर्श किसानए एक आदर्श शिक्षक और एक आदर्श पिता रहे।



खेत में पसीना बहाकर आपने कर्म को पूजा मानना सिखाया, और विद्यालय की चौपाल पर खड़े होकर आपने सत्य ही ईश्वर है का पाठ पढ़ाया। ओपी ने कहा शास्त्र कहते हैं। मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव। अर्थात माता, पिता और गुरु तीनों ईश्वर के समान हैं। पिता वह वटवृक्ष है जो धूप छांव, आंधी तूफान सब सहकर अपनी संतान को छाया देता है। पिता की चुप्पी में जो फिक्र होती है, उसकी डांट में जो भविष्य की चिंता होती है, और उसकी मेहनत में जो निःस्वार्थ त्याग होता है वो कोई और नहीं कर सकता। आप मेरे जीवन का संबल हैंए मेरा मान हैं, मेरा अभिमान हैं। आपने जो त्याग, संस्कार और निःस्वार्थ प्यार दिया, वही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। जब जीवन की राह कठिन होती है, तो आपके दिए संस्कार ही दीपक बनकर रास्ता दिखाते हैं। पितृ दिवस को कैलेंडर का एक दिवस बताते हुई कहा पिता का ऋण जन्मान्तर नहीं उतर सकता। पिता से मिले संस्कारों को साझा करते हुए कहा ईमानदारी और मेहनत से काम में जुटे रहो। सेवा भाव समाज के लिए जियो जो समाज के लिए जिया वही आज अमर है। सत्य की राह कठिन है पर अंतिम विजय उसी की है। युवा पीढ़ी से आग्रह करते हुए मंत्री श्री ओपी ने कहा मोबाइल की स्क्रीन से समय निकालकर अपने पिता के पैर जरूर छुएं। माता पिता से नियमित संवाद को भी उन्होंने आवश्यक बताया। सनातन परंपरा में पितृ ऋण सबसे बड़ा ऋण माना गया है। पिता के आदर्शों पर चलकर, समाज सेवा करके इसे चुकाया जा सकता।

### गुरु द्रोण हायर सेकेंडरी स्कूल हिन्दी अंग्रेजी माध्यम रायगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन




**रायगढ़।** गुरु द्रोण हायर सेकेंडरी स्कूल हिन्दी अंग्रेजी माध्यम, रायगढ़ में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षा निदेशक डीण केण साहू एवं प्राचार्य एलएन देवता की गरिमामयी उपस्थिति रही। योग दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत योग प्रशिक्षिका सुश्री दीप्ति साहू द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए योग प्रशिक्षण दिया गया। अपने उद्बोधन में शिक्षा निदेशक डीके साहू ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है तथा नियमित योगाभ्यास से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास संभव है। उन्होंने सभी को प्रतिदिन योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य एलएन देवता ने अपने संबोधन में कहा कि योग स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन का आधार है।

# सेवा परमार्थ ही जीवन का असली धर्म : बाबा प्रियदर्शी राम



■ कर्मयोगी भइया जी के निर्वाण दिवस पर बाबा प्रियदर्शी राम जी ने प्रयागराज में श्रद्धालुओं को दिया लोकमंगल का संदेश

**रायगढ़।** निष्काम सेवा, परमार्थ और सत्कर्म ही मनुष्य जीवन को सार्थक बनाते हैं। स्वार्थ की सीमाओं में बंधा जीवन व्यक्ति को क्षणिक सुख तो दे सकता है, किंतु वास्तविक कल्याण तभी संभव है जब मनुष्य अपने अस्तित्व को समाज और मानवता के हित में समर्पित कर दे।

उक्त प्रेरक आशीर्वचन अघोर गुरुपीठ बनोरा के पीठाधीश्वर पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम ने प्रयागराज स्थित बनोरा ट्रस्ट की इकाई प्रेरणा परमार्थ आश्रम में कर्मयोगी श्रद्धेय भइया जी के द्वितीय निर्वाण दिवस पर शुक्रवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं आध्यात्मिक सत्संग के दौरान व्यक्त किए। 19 जून शनिवार को प्रेरणा परमार्थ आश्रम प्रयागराज में आयोजित इस श्रद्धा, साधना और चिंतन महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से अघोर गुरुपीठ से जुड़े साधक, श्रद्धालु एवं अनुयायी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का वातावरण भक्ति, आध्यात्मिक चिंतन और गुरु स्मरण से ओतप्रोत रहा। पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम ने आशीर्वचन के दौरान समस्त दैवी शक्तियों का वैदिक आह्वान करते हुए कहा कि संतों का जीवन सदैव निष्काम भाव से लोकमंगल के लिए समर्पित रहता है। परमार्थ के मार्ग का अनुशरण करते वे समाज को भी उसी पथ पर चलने हेतु प्रेरित करते है। पूज्य गुरुदेव ने कहा कि ईश्वर को छल, कपट, अहंकार और दंभ से भरा हुआ व्यक्ति कभी प्रिय नहीं हो सकता। भगवान के निकट वही मनुष्य पहुंचता है जिसका हृदय निर्मल हो जिसकी वाणी में मधुरता हो और जिसके कर्म समाज के हित में समर्पित हों। कर्मयोगी श्रद्धेय भइया के जीवन दर्शन का उल्लेख करते हुए बाबा ने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन सेवाए साधना और मानवीय मूल्यों के संरक्षण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने सदैव लोगों को जाति, वर्ग और स्वार्थ की संकीर्णताओं से ऊपर उठकर समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा दी। पूज्य गुरुदेव ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ और मूल्यवान है। इसे केवल भौतिक उपलब्धियों और निजी सुख सुविधाओं तक सीमित कर देना उसके वास्तविक उद्देश्य से विमुख होना है। संतों का एकमात्र यही उद्देश्य रहता है कि मनुष्य के जीवन को सार्थक कैसे बनाएं। जीवन की सार्थकता अच्छे कर्मों, जरूरतमंदों की सहायता, दीन दुखियों की सेवा तथा निरंतर परमार्थ के कार्यों में निहित है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में सेवा, करुणा, सह अस्तित्व और मानवता के आदर्शों को आत्मसात करें। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने कर्मयोगी भइया की छाया प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आश्रम में शिक्षा और श्रमदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चुनिंदा छात्रों को आश्रम प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। सत्संग, भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ यह आध्यात्मिक आयोजन श्रद्धाए सेवा और लोकमंगल के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बना।

# टीवी में देखा बाबा रामदेव को और बन गया उनका अनुयायी

**रायगढ़।** ग्राम कोतरा का एक कामगार परिवार साधारण जीवन शैली और पूर्णतः ग्रामीण परिवेश लेकिन योग और प्रणायाम का ऐसा जूनून कि जो योग गुरु बाबा रामदेव करते है वो सब अपने अभ्यास से कर लेता है श्याम कुमार प्रधान य योग से जुड़ने की कहानी बताते हुए वे कहते हैं .आज से 20. 25 बरस पहले किसी बीमारी का इलाज कराने डॉक्टर के पास गए थे डॉक्टर साहब सुबह.सुबह अपनी नित्य कर्म में होने के कारण प्रतीक्षा कक्ष में टीवी चालू कर दिए और देखते रहने को बोले संयोग से आस्था चैनल में योग गुरु रामदेव योग और जीवन शैली के बारे में जानकारी दे रहे थे जीवन में योग के प्रभाव और बीमारियों को रोकने में उनकी भूमिका पर कही गई उनकी बातें श्याम प्रधान को इतनी भा गई कि उसे उन्होंने गांठ बांधकर धर ली और



अपने जीवन में योग को अपनाते हुए न केवल स्वयं विभिन्न प्रकार के शारीरिक रोगों से मुक्ति पाई बल्कि आज एक दक्ष योगकर्मी के रूप में वह सब कर लेते हैं जो बाबा रामदेव करते है।

शासउच्चमाध्य विद्यालय तारापुर में विशेष रूप से आमंत्रित श्याम प्रधान ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जब पेट हिला कर 5 सेकण्ड में सूर्य नमस्कार के 12 अवस्था को करके दिखाया तो सभी लोग चकित थे। सूर्य नमस्कार से लेकर अन्य सभी योग प्राणायाम वह अत्यंत ही सहजता से कर लेता है।

### विषम परिस्थिति भी नहीं डिगा पाई रू श्याम की इच्छा शक्ति को

श्याम प्रधान योग के इतने जुनूनी है कि एक दुर्घटना में उनका हाथ टूट जाने के बाद भी वह अपनी योग के प्रति आस्था को नहीं छोड़े और हाथ फैक्चर होने के बाद भी बीमारी से मुक्त होकर फिर से योग में जुड़ गए और आज अपनी दिनचर्या को कुशलता से संपादित कर रहे हैं।

# अलग-अलग थाना क्षेत्र में 6 दिनों में 217 फरार वारंटी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस ने 15 जून से 20 जून तक चले छह दिवसीय अभियान में जिले भर से कुल 217 फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इनमें 56 स्थायी वारंट और 161 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं।



जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को लंबित वारंटों की तामिली और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। इसी के तहत पुलिस टीमों ने लगातार दबिश देकर बड़ी संख्या में वारंटियों को गिरफ्तार किया। अभियान के दौरान थाना जूटमिल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कुल 31 वारंटों की तामिली की। इनमें 18 गिरफ्तारी वारंट और 13 स्थायी वारंट शामिल हैं। वहीं थाना छाल ने 25 वारंटों की तामिली कर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जिसमें 18 गिरफ्तारी वारंट और 7 स्थायी वारंट शामिल रहे। इसके अलावा थाना धरमजयगढ़ ने 15 गिरफ्तारी वारंट, थाना लैलूंगा और खरसिया ने 14-14, थाना कोतवाली एवं भूपदेवपुर ने 11-11, थाना चक्रधरनगर और कोतरारोड़ ने 10-10 वारंटों की तामिली की। चौकी खरसिया ने 9, थाना पूंजीपथरा और तमनार ने 8-8, थाना कापू ने 6, थाना घरघोड़ा ने 5 तथा थाना पुसौर ने 4 गिरफ्तारी वारंटों का निष्पादन किया। थाना चक्रधरनगर ने 7, थाना कोतवाली ने 6, थाना घरघोड़ा, कापू और तमनार ने 3-3, जबकि थाना धरमजयगढ़, भूपदेवपुर और पुसौर ने 2-2 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अभियान का उद्देश्य न्यायालय से जारी लंबित वारंटों का निष्पादन सुनिश्चित करना तथा कानून से बचने की कोशिश कर रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना है। अभियान के दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष टीमों का गठन कर लगातार कार्रवाई की गई।

### शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर मजदूर से मारपीट, 1 हजार रुपए छीने, दो गिरफ्तार



**रायगढ़।** खरसिया क्षेत्र में मजदूरी कर घर लौट रहे एक युवक से शराब पीने के लिए पैसे मांगने और मना करने पर उसके साथ मारपीट कर रुपये छीन लेने का मामला सामने आया है। मामले में खरसिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रतन महका निवासी राजेश खण्डेल 27 वर्ष ने 20 जून को चौकी खरसिया में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 18 जून की रात करीब 8:30 बजे वह खरसिया से मजदूरी कर साइकिल से अपने घर लौट रहा था। गोपी महका स्थित पैठू तालाब के पास पहुंचने पर गांव के लल्ला उर्फ ललित राठौर और चन्द्रशेखर खण्डेल ने उसका रास्ता रोक लिया।आरोपियों ने उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। जब उसने पैसे देने से मना किया तो दोनों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने उसके पास रखे 1000 रुपए छीन लिए और मौके से फरार हो गए। पीड़ित की रिपोर्ट पर खरसिया चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पीड़ित का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया और उसका बयान दर्ज किया गया। चौकी प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीनी गई रकम में से 400 रुपये तथा घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी लल्ला उर्फ ललित राठौर 32 वर्ष निवासी गोपी महका तथा चन्द्रशेखर खण्डेल 31 वर्ष निवासी रतन महका को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# कमलम परिवार ने बांटे फल युवाओं ने किया रक्तदान




**पुसौर।** पुसौर के कमलम परिवार ने अपने नेता एवं पूर्व विधायक स्व. रोशनलाल अग्रवाल की जयंती पर सेवा कार्यों के माध्यम से उन्हें याद किया। कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के अस्पतालों में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया और रायगढ़ में आयोजित रक्तदान शिविर में भाग लेकर रक्तदान भी किया। कार्यक्रम की शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर से हुई। यहां स्व. रोशनलाल अग्रवाल के अति करीबी एवं पूर्व पार्षद जगन्नाथ प्रधान नगर उपाध्यक्ष उमेश साव मंडल अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता पूर्व अध्यक्ष त्रिनाथ गुप्ता व ईश्वर गुप्ता सोसायटी अध्यक्ष घनश्याम पटेल वरिष्ठ नेता रायसिंह गुप्ता, लेकरू गुप्ता पार्षद, रूपेश साव, प्रदीप यादव, निराकार पटेल, फागुलाल प्रधान, जिला मंत्री खीर कुमारी डनसेना, महिला मोर्चा सदस्य इंदिरा गुप्ता, हिमांशु भूषण गुप्ता, प्रकल्प संयोजक गौरांग साव किसान नेता प्रेमशंकर पंडा स्कूल अध्यक्ष भरत षड़ंगी मंडल उपाध्यक्ष दुखाशन मनोज राजभर, किसान मोर्चा मंत्री श्रवण नायक सुशील प्रधान संतोष गुप्ता समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे बुजुर्ग को बाइक ने मारी टक्कर

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम औरदा में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान एक बुजुर्ग सड़क हादसे का शिकार हो गए थे। इसी बीच तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। लंबे उपचार के बाद स्वास्थ्य में सुधार आने पर उन्होंने थाने पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के हीरापुर निवासी दुकालु राम साहू अपनी बेटी के रिश्तेदार के विवाह समारोह में शामिल होने ग्राम औरदा आए थे। बताया गया कि शादी की रस्म के तहत आयोजित चुलमाटी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वे शाम के समय घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। बाइक चालक राजा साहू निवासी औरदा तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बुजुर्ग सड़क पर गिर पड़े और कुछ दूरी तक घिसटते चले गए। हादसे में उनके चेहरे, सिर, हाथ और सीने में गंभीर चोटें आईं तथा वे बेहोश हो गए। घटना के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद परिजनों और ग्रामीणों ने घायल बुजुर्ग को तत्काल पुसौर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज रायगढ़ रेफर किया गया।

## नल जल योजना में लापरवाही से ग्रामीण परेशान, सड़कें खोदकर छोड़ दिया

**बिलाईगढ़।** ग्राम पंचायत भंडोरा में नल-जल योजना के क्रियान्वयन को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्राम पंचायत के उपसरपंच केशव साहू ने कलेक्टर को इसकी शिकायत की है। योजना में गंभीर लापरवाही तथा सड़क क्षति का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार ग्राम पंचायत में नल-जल योजना के अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण तो कर दिया गया है, लेकिन आज तक ग्रामीणों के घरों में न तो नल कनेक्शन लगाए गए हैं और न ही नियमित



जलापूर्ति की कोई व्यवस्था शुरू की गई है।

इससे योजना का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है। उपसरपंच ने आरोप लगाया है कि योजना के कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा गांव की कई सड़कों को खोद दिया गयाए लेकिन कार्य पूर्ण होने के बाद भी उनकी मरम्मत नहीं कराई गई। खराब सड़कों के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है।

## सड़क और मंदिर परिसर पर कब्जे का आरोप

**जशपुरनगर।** जिले के तपकरा तहसील अंतर्गत ग्राम बाम्हनमारा में शासकीय भूमि , सार्वजनिक सड़क एवं हनुमान मंदिर परिसर पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है । ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा तहसील कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया गया कि, गांव का निवासी रामलगन साय एवं सुकदेव साय द्वारा जेसीबी मशीन से खुदाई कर शासकीय भूमि को निजी बाउंड्रीवाल में शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों के आवेदन के अनुसार, खसरा नंबर 290 की शासकीय सड़क भूमि तथा खसरा नंबर - 309 स्थित हनुमान मंदिर परिसर की भूमि पर निर्माण कार्य किया जा रहा था। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि निर्माण के दौरान सार्वजनिक सड़क पर अतिक्रमण किया गया और शासकीय नल-जल योजना की मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दी गई, जिससे ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों ने मामले को गांव की आस्था, सार्वजनिक सुविधा और शासकीय संपत्ति से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी।

# कॉलेजों में नहीं बनी जनभागीदारी समिति, गठन नहीं होने से छात्र-छात्राएं सुविधाओं से वंचित

**जशपुरनगर।** जिले के अनेक सभी शासकीय महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति का गठन लंबे समय से नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को विभिन्न आवश्यक सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है।

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनभागीदारी समिति का गठन किया जाता है, लेकिन जिले के महाविद्यालयों में यह समिति अस्तित्व में नहीं है। जबकि महाविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रतिवर्ष छात्र छात्राओ से राशि वसूल की जा रही हैं। पिछले सरकार में अनेक महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति का गठन किया गया था। तथा समिति द्वारा अनेक छात्रोपयोगी कार्य किए थे। जिले में बहुत से ऐसे महाविद्यालय भी है जहां स्थापना के बाद से एक बार भी जनभागीदारी समिति का गठन नहीं हुआ है। जानकारों के अनुसार जनभागीदारी समिति महाविद्यालयों में विकास कार्यों, भवन मरम्मत, फर्नीचर क्रय, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, पुस्तकालय विस्तार, खेल सामग्री की उपलब्धता तथा अन्य छात्र हितैषी गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समिति के गठन नहीं होने से अनेक आवश्यक कार्य लंबित पड़े हुए हैं और विकास कार्यों की गति पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

### क्या कहते है विद्यार्थी

छात्र-छात्राओं का कहना है कि कई महाविद्यालयों में पर्याप्त बैठने की व्यवस्था नहीं है, शौचालयों की स्थिति खराब है, पुस्तकालयों में नवीन पुस्तकों का अभाव है तथा खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए संसाधनों की कमी बनी हुई है। जनभागीदारी समिति सक्रिय होती तो इन समस्याओं के समाधान के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाए जा सकते था।

### वित्तीय सहयोग का माध्यम नहीं

शिक्षाविदों का मानना है कि जनभागीदारी समिति केवल वित्तीय सहयोग का माध्यम नहीं है, बल्कि यह महाविद्यालय और समाज के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करती है। इसके माध्यम से स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, अभिभावक और सामाजिक कार्यकर्ता महाविद्यालय के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हैं। समिति के अभाव में महाविद्यालयों की कई योजनाएं कागजों तक सीमित रह जाती हैं। कई महाविद्यालयों में प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण, स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना, परिसर सौंदर्यीकरण तथा छात्र कल्याण संबंधी योजनाओं के लिए प्रस्ताव तैयार होने के बावजूद समिति के अभाव में उन्हें स्वीकृति और वित्तीय सहयोग नहीं मिल पा रहा है। इससे विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

### उच्च शिक्षा व्यवस्था की उपेक्षा

पूर्व छात्रो और छात्र प्रतिनिधियों ने भी इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि जनभागीदारी समिति का समय पर गठन नहीं होना उच्च शिक्षा व्यवस्था की उपेक्षा को दर्शाता है। उनका कहना है कि यदि समिति सक्रिय रहे तो स्थानीय स्तर पर अनेक समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जा सकता है और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है।क्षेत्र के विद्यार्थियों और अभिभावकों ने उच्च शिक्षा विभाग से मांग की है कि सभी शासकीय महाविद्यालयों में शीघ्र जनभागीदारी समितियों का गठन किया जाए तथा उन्हें आवश्यक अधिकार और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

## लंबित मुआवजा मिला, प्रभावित किसान को मिला न्याय

**बिलाईगढ़।** अपर सोनिया जलाशय परियोजना से प्रभावित ग्राम मलुहा निवासी कृषक रमेशर उर्फ रामेश्वर को लंबे समय से लंबित मुआवजा मिल गया। मुआवजा भुगतान की मांग को लेकर चल रहा संघर्ष अंततः सफल रहा, जिससे किसान एवं उनके परिवार में खुशी का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहित किए जाने के बाद भी किसान को निर्धारित मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया था। इसके विरोध में प्रभावित पक्ष एवं सामाजिक संगठनों द्वारा लगातार शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से आंदोलन किया गया। इस दौरान ज्ञापन सौंपने, धरना प्रदर्शन, कार्यालय घेराव तथा भूख हड़ताल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशासन का ध्यान समस्या की ओर आकर्षित किया गया।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव मनीष चेलक ने बताया कि संबंधित प्रकरण में कई बार प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन देकर किसान को न्याय दिलाने की मांग की गई थी।

लगातार प्रयासों और जनदबाव के बाद जिला प्रशासन ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया।



# धनुष की फिल्म 'ओम' से उठा पर्दा, अक्टूबर में होगी रिलीज

**मुंबई।** धनुष की जिस तमिल फिल्म 'ओम' का लंबे समय से इंतजार हो रहा था, उसकी रिलीज डेट सामने आ गई है। यह फिल्म 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। राजकुमार पेरियासामी इसे निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म का लगभग 60 से 65 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसकी कहानी को कई अध्यायों में परत-दर-परत बताया जाएगा। 'ओम' नाम सिर्फ सुनने में ही अच्छा नहीं है, बल्कि यह कहानी से गहराई से जुड़ा है। यह फिल्म असल जिंदगी की घटनाओं से प्रेरणा लेती है। मलयालम के मशहूर अभिनेता मामूटी फिल्म में कार्तिकयन का किरदार निभा रहे हैं। उनका यह किरदार भी असल जिंदगी की घटनाओं से प्रेरित है।

लाइफ Style

# किआरा

## प्रेग्नेंसी में 'देवी' और बाद में मोटी

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों फिल्म 'टॉक्सिक' से चर्चा में हैं। एक्ट्रेस ने मदरहुड के लेकर अपने अनुभव शेयर किए हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान महिलाओं को कई भावनात्मक और शारीरिक बदलावों से गुजरना पड़ता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कियारा ने प्रेग्नेंसी के बाद आने वाली चुनौतियों, समाज की अपेक्षाओं और जीवन के प्रति बदले नजरिए पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि मातृत्व ने उनकी सोच और जीवन को नए तरीके से देखने का नजरिया दिया है।

बता दें कि कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने 15 जुलाई, 2025 को अपनी बेटी साराया का स्वागत किया था। एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'सबसे दिलचस्प बात यह है कि जब आप गर्भवती होती हैं, तो हर कोई कहता है, 'हे भगवान, आप कितनी खूबसूरत लग रही हैं, ये सब।' और जैसे ही बच्चा पैदा होता है, यह बदल जाता है, 'अभी मोटी लग रही हैं, थोड़ी ये लग रही हैं, थोड़ी वो लग रही हैं।

**देवी की तरह समझते हैं :** अभिनेत्री ने बताया, 'प्रेग्नेंसी के दौरान, आपको देवी की तरह समझा जाता है और बच्चे के जन्म के तुरंत बाद आपसे उम्मीद की जाती है कि आप पहले जैसी चुस्त-दुरुस्त और अपने जीवन में वापस लौट आएं लेकिन महिला के लिए सबसे मुश्किल समय प्रसव के बाद का होता है। यही वह समय है जब उसे सहारे की जरूरत होती है।



हॉलीवुड मसाला



## एनोला होम्स... ओटीटी पर 1 जुलाई को

**लॉस एंजिल्स।** 'एनोला होम्स' अपने तीसरे सीजन के साथ लौट रही है। यह सीरीज 1 जुलाई, 2026 से सिर्फ नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। मिली बॉबी ब्राउन एक बार फिर चालाक युवा जासूस की भूमिका में दिखेंगी, जो और भी बड़े रहस्यों को सुलझाती और रोमांचक कारनामों में उलझती नजर आएंगी। इस बार कहानी में मोड़ तब आता है, जब एनोला लॉर्ड ट्यूक्सबरी (लुई पार्ट्रिज) के साथ अपनी शादी की तैयारी कर रही होती है। तभी उसके भाई शरलॉक (हेनरी कैविल) का अपहरण हो जाता है। शरलॉक को बचाने की अपनी कोशिशों में एनोला को एक बड़े राष्ट्रीय षड्यंत्र का पता चलता है।



## जेसन मोमोआ ने की विद्युत जामवाल की जमकर तारीफ

**लॉस एंजिल्स।** जेसन मोमोआ ने अपनी आने वाली फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' के सह-कलाकार विद्युत जामवाल की खूब तारीफ की है। जेसन ने विद्युत को सबसे खूबसूरत दिखने वाले पुरुषों में से एक बताया है। खास बात यह है कि यह फिल्म विद्युत के हॉलीवुड करियर की शुरुआत है। जेसन ने सिर्फ उनकी खूबसूरती ही नहीं सराही, बल्कि उनके मार्शल आर्ट्स के हुनर को भी 'अविश्वसनीय' बताया है। इससे पता चलता है कि सेट पर दोनों कलाकारों के बीच काफी सम्मान है। किताओ सकुराई के निर्देशन में बनी 'स्ट्रीट फाइटर' में विद्युत के साथ नोआ सेंटिनियो, एंड्रयू कोजी और रोमन रेंस भी दिखेंगे। यह फिल्म 16 अक्टूबर, 2026 को दुनियाभर में रिलीज होगी। एक दिलचस्प बात यह है कि इस साल की शुरुआत में लास वेगास में हुए। सिनेमाकॉन में, विद्युत ने अपने सह-कलाकारों के साथ मिलकर ट्रेलर लॉन्च के दौरान गायत्री मंत्र का जाप किया था।



## दायरा में पुलिस बनेंगे पृथ्वीराज- करीना

**मुंबई।** मेघन गुलज़ार ने अपने निर्देशन में बन रही फिल्म 'दायरा' का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर और मलयालम सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन पहली बार एक साथ नजर आएंगे। सच्ची घटनाओं से प्रेरित इस रोमांचक थ्रिलर की कहानी मेघना, यश केसवानी और सीमा अग्रवाल ने मिलकर लिखी है। निर्माताओं ने फिल्म के सेट से एक बीटीएस वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। साथ में इसकी रिलीज तारीख का खुलासा भी कर दिया है। यह 18 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। बीटीएस वीडियो के साथ आई रिलीज तारीख जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियोज द्वारा निर्मित 'दायरा' में, करीना और पृथ्वीराज पहली बार पुलिस अधिकारी के किरदारों में नज़र आएंगे।




## फिल्म बांदर ने जीता ऑस्ट्रेलिया का दिल

**मुंबई।** बॉबी देओल की थ्रिलर फिल्म 'बांदर', जो 5 जून को रिलीज हुई और फिलहाल सिनेमाघरों में दर्शकों का दिल जीत रही है, इस साल मेलबर्न में नेशनल इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ ऑस्ट्रेलिया का समापन करेगी। अनुराग कश्यप निर्देशित इस फिल्म को रिलीज के बाद से ही इसकी अनूठी कहानी और दमदार अभिनय के लिए खूब सराहा जा रहा है। यही वजह है कि नीफा के ऑस्ट्रेलिया भर के बड़े दौरे के लिए इसे समापन फिल्म के तौर पर चुना गया है। इस साल यह फेस्टिवल ऑस्ट्रेलिया के 9 शहरों में आयोजित किया गया, जहां नई और चर्चित फिल्मों के साथ-साथ 'मंथन' जैसी क्लासिक फिल्मों को भी 4के क्वालिटी में पेश किया गया। बॉबी के अलावा, 'बांदर' में सान्या मल्होत्रा और राज बी शेट्टी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

टीवी मसाला



## शिल्पा शिंदे का 'टीवी माफिया' पर फूटा गुस्सा- रास्ते पर सब्जी बेच लूंगी

**मुंबई।** 'भाभी जी घर पर हैं' के निर्माता पर लगाए गए यौन शोषण के आरोपों को लेकर चर्चा में चल रहीं शिल्पा शिंदे ने अब अभिनेता शहजादा धामी के मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। शहजादा के करीब 30 लाख रुपये के बकाया भुगतान न मिलने और शिकायत के बावजूद संबंधित निर्माता पर कोई कार्रवाई न होने की खबरों पर शिल्पा का गुस्सा फूटा है। टीवी 'माफिया' को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने इस पूरे सिस्टम पर गहरा आक्रोश जताया है।

***ये टीवी निर्माता माफियागिरी करते हैं :*** इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक वीडियो में शिल्पा ने कहा, टीवी जगत के निर्माता माफियागिरी करते हैं। टीवी इंडस्ट्री में एक 'व्हाइट कॉलर माफिया' काम कर रहा है। जो निर्माता इस सिस्टम का साथ नहीं देते या सहयोग नहीं करते, उन्हें भी धमकाया जाता है। उन्हें कथित तौर पर ये कहकर डराया जाता है कि अगर भविष्य में उनके साथ कुछ भी गलत हुआ तो कोई उनका साथ नहीं देगा और उनका काम या शो बंद करवा दिया जाएगा।

***ढोंग करने वालों पर भड़कीं शिल्पा :*** शिल्पा ने उन लोगों पर भी तीखा तंज कसा जो कलाकारों के जिंदा रहते तो उनका साथ नहीं देते, लेकिन उनके निधन के बाद शोक मनाने आ जाते हैं। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा, कलाकारों का साथ कौन देगा? आप किसी के मरने के बाद इंस्टाग्राम पर आकर रो रहे हो। आप लोग वही हो जो मोमबत्ती लेकर मरने के बाद आ जाते हो और बेमतलब की फुटेज खाते हो।

### रैपर सेंटी 'बिग बॉस 20' में ले सकते हैं हिस्सा

**मुंबई।** सलमान खान का रियलिटी शो 'बिग बॉस' एक बार फिर चर्चा में है।



पिछले दिनों कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि इसका 20वां सीजन सितंबर, 2026 से दर्शकों के बीच लौट सकता है। इसके बाद से संभावित प्रतियोगियों के नामों पर अटकलें लगनी शुरू हो गई हैं कि घर में कौन-कौन आएगा। सबसे ज्यादा जिस नाम की चर्चा है, वो रैपर सेंटी शर्मा हैं। आइए जानते हैं कि वह कौन हैं, जो सलमान के शो में आ सकते हैं। सेंटी का असली नाम गणेश शर्मा है और वह मध्य प्रदेश के शहर रतलाम के रहने वाले हैं। पेशे से रैपर, गीतकार और गायक हैं, जिन्हें संगीत जगत में उभरने वाले शुरुआती हिप-हॉप कलाकारों में से एक माना जाता है। अपने गानों से उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस की बड़ी तादात बना रखी है। अक्षय कुमार की फिल्म 'हाउसफुल 5' के एंथम ट्रैक में रैपर ने अपनी आवाज देकर बॉलीवुड में डेब्यू किया और व्यापक लोकप्रियता हासिल की।

## कौन हैं संस्कृति जयना... जिन्होंने 'कृष्णावतरम' में निभाई सत्यभामा की भूमिका

**मुंबई।** फिल्म 'कृष्णावतारम पार्ट 1: द हार्ट' में संस्कृति जयना ने भगवान श्रीकृष्ण की पत्नी सत्यभामा की भूमिका अदा की है। इस फिल्म के बाद से वह चर्चा में आ गई हैं। हर कोई उनके बारे में जानना चाह रहा है। आपको बता दें कि उनका गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री से खास नाता है।

***संस्कृति की पारिवारिक पृष्ठभूमि :*** संस्कृति जयना गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री और उत्तर प्रदेश की वर्तमान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की पोती और बिजनेसमैन अनार पटेल की बेटी हैं, जो क्राफ्टरूट्स और ग्रामश्री के साथ अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उनके पिता, जयेश पटेल, एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

***फैशन करियर में बनाई पहचान :*** फिल्म जगत में डेब्यू करने से पहले, संस्कृति ने फैशन मैनेजमेंट और व्यवसाय का

### गुजरात के पूर्व सीएम से है खास नाता



अध्ययन किया और लंदन के राडा, ली स्ट्रासबर्ग थिएटर एंड फिल्म स्कूल, न्यूयॉर्क फिल्म अकादमी और लंदन कॉलेज ऑफ फैशन में अभिनय और नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने 16 साल की उम्र में अपना खुद का फैशन ब्रांड शुरू किया। बाद में उन्होंने कंसल्टिंग के क्षेत्र में कदम रखा और जिमी चू और बोटेगा वेनेटा जैसे ब्रांडों के साथ काम किया, साथ ही अपनी मां के सामाजिक उद्यमों, क्राफ्टरूट्स और ग्रामश्री के लिए मार्केटिंग का काम भी संभाला।

### सत्यभामा की भूमिका से जीता दिल

कृष्णावतारम भाग 1: हार्ट फिल्म में श्रीकृष्ण की कहानी सत्यभामा के दृष्टिकोण से बताई गई है, जिससे संस्कृति को सहायक भूमिका के बजाय फिल्म के केंद्र में रखा गया है. फिल्म में उनके चरित्र को बहुत ही बखूबी ढंग से दर्शाया गया है। बता दें कि रिलीज से पहले स्पेशल स्क्रीनिंग के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्यभामा के रूप में उनके अभिनय की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने भारतीय संस्कृति और परंपरा की भावना का अच्छी तरह प्रतिनिधित्व किया है।

## 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' की 10 दिन और शूट करेंगे सिद्धार्थ- तमन्ना

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' की शूटिंग अब 10 दिन और चलेगी। टीम ने जब फिल्म का अंतिम कट देखा, तो उन्हें महसूस हुआ कि कुछ खास पलों, खासकर क्लाइमैक्स में और अधिक जान डालने की जरूरत है।



उनका मानना है कि ऐसा करने से फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ पाएगी। अच्छी बात यह है कि फिल्म अपनी तय रिलीज 28 अगस्त को ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी, इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

***निर्देशक 'वन' की दुनिया को दे रहे हैं नया विस्तार :*** दीपक कुमार मिश्रा और अरुणभ कुमार के निर्देशन में बनी फिल्म 'वन' पौराणिक कथाओं, रहस्य और जंगल से जुड़ी लोककथाओं का मिश्रण है, जिसे एक थ्रिलर के रूप में पेश किया गया है। फिल्म निर्माता एक ऐसी समृद्ध दुनिया तैयार करना चाहते हैं, जिसमें माहौल से जुड़े बारीक विवरण हों और स्थानीय कहानियों की परंपरा भी झलकती हो। शूटिंग का समय बढ़ाने का यह फैसला दर्शाता है कि वे चाहते हैं कि फिल्म का क्लाइमैक्स दर्शकों के दिलो-दिमाग पर अपनी छाप छोड़े।

## ओटीटी पर एंटरटेनमेंट का जबरदस्त डोज, 'दृश्यम 3' से लेकर 'सेव द टाइगर्स 3' तक रिलीज हो रही ये फिल्में...

*मुंबई। अगर आप इस हफ्ते अपने वीकेंड को मजेदार बनाना चाहते है तो बता दें कि इस बीच ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर आपको एंटरटेनमेंट का जबरदस्त डोज देखने को मिलने वाला है क्योंकि सस्पेंस, एक्शन, कॉमेडी और ड्रामा से भरपूर इस हफ्ते कई नई फिल्में और वेब सीरीज अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज हो रही हैं। कौन-कौन सी है वो फिल्में और वेब सीरीज चलिए है।*



### 'दृश्यम 3'

इस हफ्ते सबसे ज्यादा चर्चा मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल मच वाइटेड फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर है। यह फिल्म 18 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो चुकी है। निर्देशक जीतू जोसेफ की इस थ्रिलर में जॉर्जकुट्टी की कहानी को आगे बढ़ाया गया है, जो अपने अतीत के फैसलों और उनके मानसिक प्रभावों से जूझता नजर आता है। फिल्म में मीना, अंसीबा हसन, एस्थर अनिल और आशा शरथ भी अहम भूमिकाओं में दिखाई दे रही हैं।

### 'अथिराडी'

वहीं मलयालम सिनेमा के फैंस के लिए फिल्म 'अथिराडी' ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होने वाली है, जो 19 जून से सोनी लिव पर उपलब्ध हो गई है। यह एक्शन-कॉमेडी ड्रामा कॉलेज लाइफ और यंग जनरेशन के बीच जोश की कहानी को दर्शाती है। बता दें, फिल्म में बेसिल जोसेफ, रिया शिबू और टोविनो थॉमस मुख्य भूमिकाओं में हैं।

### 'द एजेंसी' सीजन 2'

*इसके साथ ही जासूसी और थ्रिलर कंटेंट पसंद करने वालों के लिए 'द एजेंसी' का दूसरा सीजन भी तैयार है। माइकल फासबेंडर और जेफरी राइट जैसे सितारों से सजी यह सीरीज 21 जून से पैरामाउंट+ पर स्ट्रीम होगी। खास बात है कि इसके पहले सीजन को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया था।*

### 'सेव द टाइगर्स'

*तेलुगु कॉमेडी-ड्रामा 'सेव द टाइगर्स' का तीसरा सीजन भी 19 जून से जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। पारिवारिक रिश्तों और हास्य से भरपूर यह शो पहले दो सीजन की सफलता के बाद वापसी कर रहा है.*

### 'शुगर' सीजन 2

*इसके अलावा रहस्य और सस्पेंस से भरपूर 'शुगर' का भी दूसरा सीजन 19 जून को एप्पल टीवी+ पर रिलीज चुका है। प्राइवेट जासूस जॉन शुगर की कहानी को आगे बढ़ाने वाली इस सीरीज में कॉलिन फैरेल मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। कुल मिलाकर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर हर जेनर के दर्शकों के लिए कुछ न कुछ खास होने वाला है।*

## समय रैना का धमाका

### नेटफ्लिक्स पर हुई 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' की एंट्री; प्रोमो वायरल

मुंबई। कॉमेडियन समय रैना के रियलिटी शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। यूट्यूब के बाद अब ये शो अपने सीजन 2 के साथ सीधे दुनिया के सबसे बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। दूसरे सीजन का पहला प्रोमो रिलीज हो गया है। समय के इस शो ने इंटरनेट पर जबरदस्त सनसनी मचाई थी और अब नेटफ्लिक्स पर इसकी एंट्री के ऐलान ने फैंस का उत्साह दोगुना कर दिया है।



***नहीं बदलेगा शो का अंदाज :*** कॉमेडियन समय रैना ने घोषणा की है कि उनका शो 'इंडिया गॉट लेटेंट' का दूसरा सीजन नेटफ्लिक्स और यूट्यूब, दोनों प्लेटफॉर्म्स पर एक साथ रिलीज होगा। उन्होंने फैंस को भरोसा दिलाया कि शो का कंटेंट पहले की तरह बिना किसी कांट-छांट के बेबाक रहेगा। समय ने शो के प्रोमो में बताया कि नेटफ्लिक्स पर सिर्फ 2 फर्क दिखेंगे। पहला वहां विज्ञापन नहीं होंगे और दूसरा उधर कमेंट सेक्शन मिलेगा, जबकि यूट्यूब पर दर्शकों को पूरा अनुभव पहले की तरह मिलेगा।

**खबर संक्षेप**

### अज्ञात वाहन की टक्कर से 65 वर्षीय वृद्धा घायल

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 8 निवासी 65 वर्षीय वृद्धा सरोजनी मिश्रा अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे में उनके दोनों पैर और एक हाथ टूट गया है। फिलहाल परिजन उन्हें शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ में भर्ती कराकर इलाज करा रहे हैं। परिजनों के अनुसार सरोजनी मिश्रा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी। इसी कारण वे अक्सर घर से निकल जाती थीं और कुछ समय बाद खुद ही वापस लौट आती थीं। कुछ दिन पहले जब वे घर से निकलीं और वापस नहीं आईं तो चिंतित परिजनों ने पुसौर थाने में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस के साथ परिजन भी लगातार उनकी खोजबीन कर रहे थे। खोजबीन के दौरान वृद्धा लाखा रोड के पास सड़क किनारे जख्मी हालत में मिलीं। शरीर पर चोट के निशान और टूटे हाथ पैर देखकर अंदाजा लगाया गया कि किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और छोड़कर फरार हो गया। परिजन तत्काल उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने बताया कि हादसे में वृद्धा के दोनों पैर और एक हाथ की हड्डी टूट गई है। उनका इलाज जारी है।

### कांग्रेसियों ने लिया संविधान के रक्षा का संकल्प

**बिलाईगढ़।** विधानसभा बिलाईगढ़ अंतर्गत नगर सरसीवा में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिवस कांग्रेसजनों द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक चंद्रदेव राय की उपस्थिति में जन्मोत्सव मनाया गया। श्री राय के साथ उपस्थित सभी साथियों ने राहुल गांधी के विचारों, जनहित के संघर्षों तथा सामाजिक न्याय एवं संविधान की रक्षा के संकल्प को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक चंद्रदेव राय के साथ प्रमुख रूप से गोपाल पाण्डेय, पंकज चंद्रा, इस्माइल खान, डॉ. परमानंद साहू, डॉ. दिलीप अनंत, फिरीत लाल खटकर, उत्तरा साहू, विशाल कृष्णा, भूषण भारद्वाज, उग्रेष दूबे, कुमारी यादव, कमता साहू, विनोद बंजारे, विनोद बजाज सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी ने राहुल के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की।

### बालिकाओं को मिलेगा कस्तूरबा विद्यालय में प्रवेश

**बिलाईगढ़।** ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बिलाईगढ़ में शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जानकारी के अनुसार जिले के एकमात्र कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं से 8वीं तक प्रवेश के लिए सभी वर्गों के गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों की बालिकाओं को प्रवेश दिया जाएगा। विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए निःशुल्क आवास, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। वहीं कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं के लिए छात्रावास की व्यवस्था भी उपलब्ध है।

**निधन**

### श्रवण प्रसाद गुप्ता



**चंद्रपुर।** नगर के वरिष्ठ नागरिक और फल व्यवसायी श्रवण प्रसाद गुप्ता 70 वर्ष का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे और चिकित्सकीय देखरेख में थे। उनके निधन से नगर में शोक की लहर व्याप्त है। स्वर्गीय गुप्ता रिंकू गुप्ता एवं दीपेश गुप्ता के पिता थे। उनके निधन पर परिजनों, शुभचिंतकों एवं नगरवासियों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सांसद ने किया योग, बताया स्वस्थ और सशक्त भारत का आधार, लोगों ने योग को जीवन का हिस्सा बनाने का लिया संकल्प

# योग दिवस पर सांसद ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ





योगाभ्यास कराते योग शिक्षिका और योग करते सांसद के साथ अधिकारी-कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रायगढ़ के बोईरदादर स्थित स्टेडियम ग्राउंड में रविवार सुबह भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया। पूरे आयोजन के दौरान स्वास्थ्यए अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश प्रतिध्वनित होता रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने उपस्थित जनसमुदाय के साथ योगाभ्यास किया और कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक विरासत है, जिसने आज पूरी दुनिया को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से योग आज एक वैश्विक जनआंदोलन का स्वरूप ले चुका है। योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है तथा स्वस्थ राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, एसएसपी शशि मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो समेत जिला स्तरीय अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारी, शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम योगाचार्य चुलेश्वरी साहू द्वारा क्रमशः ग्रीवा चालन, हस्तचालन, कटिचालन, ताड़ासन, वृक्षासन के अलावा बैठकर किए जाने वाला आसन वज्रासन, मंडूकासन, दण्डासन, पद्मासन के साथ-साथ लेटकर किए जाने वाले विभिन्न योग मुद्राओं का भी अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के दौरान योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में तनावपूर्ण जीवनशैली, अवसाद और विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से बचाव के लिए योग एक प्रभावी एवं प्राकृतिक उपाय है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और व्यक्तित्व संतुलित बनता है, वहीं आत्मविश्वास, एकाग्रता और कार्यक्षमता में भी वृद्धि होती है।

### योग दिवस पर नशामुक्ति का संदेश

योग दिवस कार्यक्रम के दौरान जिले में संचालित नशा मुक्ति अभियान के तहत उपस्थित सभी लोगों को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई गई। उपस्थित जनसमुदाय ने स्वयं नशे से दूर रहने और अपने परिवार, मित्रों तथा समाज को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। स्टेडियम परिसर में आयोजित इस सामूहिक योग कार्यक्रम में विद्यार्थियों और युवाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

### योग प्रशिक्षक ने विभिन्न आसनों से कराया योगाभ्यास

आयोजित योग सत्र में प्रमुख योग शिक्षिका चुलेश्वरी साव एवं सहायक योग प्रशिक्षिका ज्योति प्रधान ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम की शुरुआत सूक्ष्म व्यायाम से हुई, जिसके बाद प्रतिभागियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन तथा अन्य योगासनों का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, तनाव कम होता है तथा एकाग्रता में वृद्धि होती है।

### शाउमावि चांदमारी में हुआ योग



**रायगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ में प्रभारी प्राचार्य भरत लाल नामदेव की अध्यक्षता में सह शालेय परिवार शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हायर सेकंडरी चांदमारी की संयुक्त उपस्थिति में विभागीय निर्देश के परिपालन में स्वास्थ्य के लिए योग थीम अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का अनुशासित ढंग से आयोजन किया गया। योग दिवस का आगाज प्रभारी प्राचार्य भरत लाल नामदेव के करें योग रहें निरोग सूक्ति वाक्य से हुआ। उन्होंने योग को आत्मा से परमात्मा को जोड़ने का महत्वपूर्ण साधन बताते हुए योग की महत्ता पर सारगर्भित प्रकाश डाला, वर्तमान में पाठ्यक्रम में भी योग के साथ-साथ शालेय समय सारिणी में भी योग को स्थान दिया गया है अस्तु स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग करने की अपील की। तत्पश्चात श्रीमती सरोज बाला मिश्रा उच्च वर्ग शिक्षिका एवं देव कुमार पैंकरा सहायक शिक्षक द्वारा ऊं मंत्र के उच्चारण से योग प्रारम्भ हुआ, इसके बाद सूक्ष्म योग अनुलोम विलोम, प्राणायाम कपाल भारती, भ्रामरी, बटरफ्लाई एवं व्यायाम कराते हुए उनसे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। सर्व कल्याण हेतु शांति पाठ कर योग का समापन हुआ। अंत में डॉ.मनीषा त्रिपाठी प्रधान पाठक शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि योग प्राचीन भारतीय परम्परा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है। योग अभ्यास शरीर एवं मन, विचार एवं कर्म, आत्म संयम एवं पूर्णता की एकात्मकता तथा मानव एवं प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करता है।

### जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

**कटेली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विकासखंड स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन बिलाईगढ़ मुख्यालय में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया। पवन जायसवाल सभापति प्रतिनिधि जनपद सदस्य बिलाईगढ़, कमलेश सिदार तहसीलदार, प्रतीक प्रधान सीईओ बिलाईगढ़, आर के कोशले बीईओ बिलाईगढ़ ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किया गया। योग प्रशिक्षक भागवत प्रसाद साहू सहयोगी प्रशिक्षक कलेश्वर साहू द्वारा विभिन्न योगासन ग्रीवा चालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वक्रासन, हलासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया।

## तालाब को नुकसान पहुंचाकर किया जा रहा कॉम्प्लेक्स निर्माण

**बिलाईगढ़।** नगर पंचायत भटगांव द्वारा अड़बंधा तालाब के समीप किए जा रहे कॉम्प्लेक्स निर्माण को लेकर गड़बड़ी सामने आ रही है। दस्तावेजों के अनुसार जल संसाधन विभाग द्वारा साल 2023 में खसरा नंबर 2052 रकबा 0.874 हेक्टेयर पर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया था, लेकिन इसके साथ शर्त रखी गई थी कि निर्माण कार्य से अड़बंधा तालाब की मूल संरचना, जलग्रहण क्षेत्र एवं सुरक्षा व्यवस्था को किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचनी चाहिए।

वर्तमान में किए जा रहे निर्माण में उक्त शर्तों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। निर्माण के दौरान तालाब के किनारों, जल निकासी मार्ग एवं प्राकृतिक स्वरूप को प्रभावित किया जा रहा है, जिससे तालाब के अस्तित्व और पर्यावरणीय संतुलन पर खतरा मंडरा रहा है। जानकारों का कहना है कि यदि जल संसाधन विभाग की शर्तों का उल्लंघन किया गया है तो जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र स्वतः निरस्त माना जा सकता है तथा संबंधित अधिकारियों और एजेंसी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जानी चाहिए। नागरिकों ने मांग की है कि जिला प्रशासन, जल संसाधन विभाग से जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि एक ओर शासन जल संरक्षण एवं तालाबों के संरक्षण पर करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है, वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत द्वारा तालाब की सुरक्षा संबंधी शर्तों को दरकिनार कर निर्माण कार्य कराया जाना शासन की मंशा के विपरीत है।

### 22 जून से 3 जुलाई तक कई लोकल मेमू और पैसेंजर ट्रेने रहेगी रद्द

**जांजगीर-चांपा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन पर ऑटो सिग्नलिंग प्रणाली को दुरुस्त करने और चौथी रेल लाइन को जोड़ने का महत्वपूर्ण ढांचागत कार्य किया जाना है। इस गैर इंटरलोकिंग कार्य के चलते रेलवे प्रशासन ने आगामी 22 जून से 3 जुलाई तक कई महत्वपूर्ण लोकल, मेमू और पैसेंजर ट्रेनों को पूरी तरह से रद्द करने का निर्णय लिया है।

### छात्रावास के छात्र प्रतीक का सैनिक स्कूल में चयन



**कोसीर।** भाठागांव के बालक छात्रावास में अध्यनरत छात्र प्रतीक खूटे पिता कुलदीप सिंह खूंटे का चयन सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के लिए हुआ।

जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ में सांतवा स्थान प्राप्त कर छात्र ने बालक छात्रावास भाठागांव सहित अपने गांव सहित क्षेत्र के नाम रौशन किया छात्रावास अधीक्षक रेशम लाल ने बताया छात्र प्रतीक शुरुआत से ही बहुत ही लगनशील व परिश्रमी छात्र है जिसकी पढाई में विशेष रुची है जिसके मेहनत व कठिन परिश्रम से आज पूरे छत्तीसगढ़ मे सातवां स्थान प्राप्त कर सैनिक स्कूल के लिए चयन हुआ। जिसके लिए छात्रावास स्टाफ के तरफ से उज्जवल भविष्य की कामना की गई। वही छात्र प्रतीक के परिवार ने भी छात्र को उज्जवल भविष्य की कामना की है। बालक छात्रावास के समस्त शिक्षक को भी धन्यवाद दिया है।

## बिलाईगढ़ की बदहाल सड़क, स्कूल के सामने गंदे पानी से भरे गड्ढे बन रहे हादसों का कारण



**बिलाईगढ़।** बंगलाभांठा मुख्य मार्ग स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सामने नाली की सफाई एवं समुचित नाली निर्माण नहीं होने के कारण गंदा पानी सीधे सड़क पर बहाया जा रहा है। परिणामस्वरूप मुख्य मार्ग बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुका है, जिनमें नाली का दूषित पानी भरा रहता है। यह स्थिति आम राहगीरों, स्कूली बच्चों एवं वाहन चालकों के लिए रोजाना परेशानी और दुर्घटना का कारण बन रही है। लोगों के अनुसार गड्ढों में भरे गंदे पानी के कारण राहगीरों का फिसलकर गिरना, कपड़े खराब होना तथा स्कूली बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना अब आम बात हो गई है।

विद्यालय के ठीक सामने सड़क की यह दुर्दशा बच्चों की सुरक्षा को लेकर पालकों की चिंता बढ़ गई है। बच्चों को प्रतिदिन इसी गंदे पानी से भरे गड्ढानुमा मार्ग को पार कर विद्यालय पहुंचना पड़ता है। स्थिति इतनी खराब है कि चार पहिया वाहनों के पहिए अक्सर गड्ढों में फंस जाते हैं, जिससे घंटों तक यातायात प्रभावित रहता है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम उठाते दिखाई नहीं दे रहे हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि यह मार्ग बिलाईगढ़ का प्रमुख मार्ग है, जहां से प्रतिदिन एसडीएम, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी आवागमन करते हैं। यही नहीं, बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र होने के कारण जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय विधायक का भी इसी मार्ग से लगातार आना जाना होता है। इसके बावजूद चाहे वो सड़क दिनेश शर्मा घर से बंगलाभाठा सार्वजनिक शौचालय तक का हो या फिर शौचालय से पुलिया तक का अधूरा गौरवपथ निर्माण का हो सड़क की यह बदहाली वर्षों से लोगों को परेशान कर रही है। वही नगर के विकास और मूलभूत सुविधाओं के लिए शासन द्वारा नगर पंचायत को करोड़ों रुपए की राशि उपलब्ध कराई जाती है। इसके बाद भी यदि विद्यालय के सामने की सड़क और नाली व्यवस्था बदहाल है।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली ऐतिहासिक पहलः सांसद

### 23वीं किस्त जारी, जिले के 85 हजार किसानों के खाते में राशि अंतरण



**रायगढ़।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पीएम किसान योजना की 23वीं किस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर, जिला हुगली से आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान जारी की गई। इस अवसर पर जिले क 85 हजार से अधिक किसानों के खाते में राशि अंतरण की गई । प्रत्येक पात्र किसान के खाते में 2 हजार रुपए की राशि भेजी गई।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया। केवीके में इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बड़ी संख्या में किसान एवं कृषक महिलाएं भी शामिल हुईं। किसानों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यान पूर्वक सुना और योजना के अंतर्गत प्राप्त आर्थिक सहायता पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।




